झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,
कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010.
e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

झारखण्ड कक्षपाल प्रतियोगिता परीक्षा–2025
विज्ञापन संख्या–07/2025

आवश्यक सूचना संख्या–02

दिनांक–02.01.2026

झारखण्ड कक्षपाल प्रतियोगिता परीक्षा–2025 (विज्ञापन संख्या–07/2025) के अंतर्गत कक्षपाल (पुरूष) एवं कक्षपाल (महिला) के पदों पर खेलकूद कोटा अंतर्गत आरक्षण का प्रावधान है। तद्नुसार विवरणिका की कंडिका–04 अंतर्गत **कंडिका (ढ)** को निम्नवत् रूप से प्रविष्ट किया जाता है:–

(ढ) खेलकूद कोटा के अंतर्गत आरक्षण का दावा कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड के संकल्प संख्या–1709, दिनांक–12.09.2007 द्वारा श्रेणी–'ग' के पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु निर्धारित निम्न मानक के अनुसार अनुमान्य होगा :–

क्र.सं.	प्रतियोगिता का स्तर	उपलब्धि
1	2	3
1.	भारतीय ओलम्पिक संघ अथवा उससे सम्बद्ध फेडरेशनों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता।	द्वितीय/तृतीय स्थान
2.	झारखण्ड ओलम्पिक संघ अथवा उससे सम्बद्ध संघों द्वारा आयोजित अधिकाधिक राज्य चैम्पियनशीप।	प्रथम स्थान
3.	राष्ट्रीय रिकार्ड स्थापित करने वाले खिलाड़ी।	राष्ट्रीय रिकार्ड

2. झारखण्ड कक्षपाल प्रतियोगिता परीक्षा–2025 विज्ञापन संख्या–07/2025 हेतु ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने हेतु तिथियाँ निम्नवत् निर्धारित की जाती हैं:–

(क) रजिस्ट्रेशन करने तथा सूचना दर्ज करने हेतु दिनांक–09.01.2026 से दिनांक–08.02.2026 तक।

(ख) परीक्षा शुल्क भुगतान करने तथा फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लेने के लिए दिनांक–10.02.2026 की मध्य रात्रि तक।

(ग) दिनांक–11.02.2026 से दिनांक–13.02.2026 के मध्य रात्रि तक ऑनलाईन आवेदन पत्र में की गई किसी भी अशुद्ध प्रविष्टि को संशोधित करने के लिए।

ह०/–
परीक्षा नियंत्रक।